(6)

भारतीय मजदूर संघ प्रकाशन

20/11/86

औद्योगिक महासंघ

(केवल सदस्योंके लिये)

–दत्तोपंत ठेंगडी

निवेदन

भारतीय मजदूर संघके तत्त्वावधान मे स्थापन हुये अखिल भारतीय औद्योगिक महासंघों तथा भा. म. संघसे प्रेरित नॅशनल ऑर्गनायझेशन ऑफ बँक वर्कर्स तथा सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय मंच (Government Employees National Forum) के प्रथम संमेलनोंमे मा. श्री. दत्तोपंत ठेंगडीजी के दिये भाषणोंपर आधारित यह लेख संग्रह प्रकाशित करते हुये हमे हर्ष होता है। अन्य कुछ महासंघोंके उद्घाटन के भाषण उपलब्ध न होने से हम वे प्रकाशित करने मे असमर्थ है। तथापि वस्त्र तथा परिवहन उद्योगों (Motor Transport) के विषय मे श्री. ठेंगडीजी के लिखे हुये दो महत्त्वपूर्ण लेख इसी पुस्तक मे अंग्रेजी भाषामे प्रस्तुत किये है। किन्तु समयाभाव में उन्हे अनुवादित करना असंभव था। त्रुटियों के लिये पाठक हमें क्षमा करें।

[redacted]

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ क्रमांक
(१) नॅशनल ऑर्गनायझेशन ऑफ बँक वर्कर्स	१–१५
(२) भारतीय शूगर मिल मजदूर संघ	१६–२५
(३) भारतीय रेल्वे कर्मचारी संघ	३३–४०
(४) भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ	४१–४७
(५) सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय मंच	४८–५०
(6) Nationalist Central Govt. Employees' Forum	51–53
(7) Our Road Transport	54–64
(8) Textile Association	65–81

नॅशनल आर्गनायझेशन ऑफ बँक वर्कर्स.

नागपूर दि. ५, ६, ७ जनवरी १९६५

आप सबके द्वारा लिये गये बैंक कर्मचारियों के एक राष्ट्रीय संगठन के निर्माण के पुनीत कार्य के लिये अपना बिना शर्त सहयोग देने मे मुझे अपार हर्ष हो रहा है। आज के युगमे जब राजनीति जीवन के सभी क्षेत्रों पर अपना अधिकार जमाने का प्रयास कर रही है, ऐसे समय आप सब विभिन्न राष्ट्रवादी राजनितिक विचारधारा वाले लोगों ने राष्ट्रवाद के सर्वमान्य आधारपर एकत्र आने का एक अत्यन्त बुद्धिमत्ता पूर्ण व उत्साहवर्द्धक निर्णय लिया है। प्रजातंत्रीय निर्णय ही आपकी नीतिका अन्तिम आधार है। बैंकिंग उद्योग में विद्यमान यूनियनों को कम्यूनवाद के अमानवीय, राष्ट्रद्रोही, एवं वर्गवादी कार्य पद्धति से मुक्ति दिलाना आपका पुनीत कर्तव्य है। वास्तव में आप राष्ट्रीय पुनर्जागरण और रचनात्मक ट्रेड यूनियनवाद के आन्दोलन के मूल स्त्रोत है।

देशभक्त संगठन का उदय

मेरी समझ में इस प्रकार के पुनीत कार्य के लिये अपने को बिना शर्त समर्पण कर देने से बढ़कर अन्य कोई पुनीत कार्य नही हो सकता। क्योंकि नाम और संस्थाओं का कोई उपयोग नहीं जब तक कि वे राष्ट्र को सर्वोपरि न समझे। अतः इस संस्था के राष्ट्रवादी, राजनितिरहित तथा प्रजातन्त्रीय दृष्टिकोण को देखकर समस्त राष्ट्र प्रियों को अत्यधिक प्रसन्नता होगी। आपने अपने विधान में यह धारा—कि आप अपने को किसी भी केन्द्रीय श्रमसंगठन से सम्बद्ध नही करेंगे अथवा कोई राजनीतिक फन्ड नही एकत्र करेंगे जोड़ करके एक सुन्दर निर्णय लिया है। मुझे विश्वास है कि सभी देश भक्त केन्द्रीय श्रमसंगठन यथा इन्टक, हिन्द मजदूर सभा, भारतीय मजदूर संघ, यूटक आदि भी इस निर्णय का स्वागत करेंगे। आपके संगठन का निर्माण राष्ट्रवादियों के

मस्तिष्क के उत्तम निश्चय का ज्वलंत प्रमाण है। इसके अतिरिक्त आपको अनेक सार्वजनिक नेताओं—जो कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में ख्याती प्राप्त कर चुके हैं, के जो संदेश मिले हैं, उनसे राष्ट्रवादी भारत की भावना का पता चलता है।

मुझे विश्वास है कि आगे आनेवाले समय में सब प्रकार कि हिचक और उदासीनता समाप्त हो जावेगी और हमारे देश के हृदयपटल पर एक अत्यन्त देशभक्त श्रमसंगठन का उदय होगा।

कम्यूनवाद बनाम राष्ट्रवाद

निकट भविष्य मे आपके सामने काफी ऊंची चढ़ाई का काम आ रहा है। उस समय जबकि सभी देशभक्त तत्व आजादी की लडाई मे तथा औद्योगिक पुनर्निर्माण में लगे थे, देशद्रोही तत्व श्रम के क्षेत्र मे अपने किले बनाने में लगे थे। परिणाम यह हुआ कि वे कुछ वर्षों म इस क्षेत्र में अपने पैर जमा चुके है। आपके नये संगठन की अपेक्षा उन्हे कुछ तांत्रिक सुविधाये भी प्राप्त है। इस भूमीका में यह हो सकता है कि आपकी प्रगति प्रारम्भ मे धीमी मालूम पडे। मैं समझता हूं की यह बुराई नही बल्कि अच्छाई है। इतिहास आपको सम्मान का स्थान देगा, यदि आपने देशभक्ति के लिये कम्युनिज्म से एवं शैतानी ताकतों से इंच प्रतिइंच टक्कर ली। और आप यह पूरी तरह जान लिजिए कि आपकी प्रत्येक विजय चाहे वह कितनी ही कम महत्व की क्यों न हो, वास्तव मे विश्व कम्युनिज्म के लिए ठेस पहुंचाने वाली है। सचमुच आप दुश्मन की मांद मे घुसकर लड रहे है।

कम्युनिष्ट आन्दोलन का राष्ट्रद्रोही स्वभाव आज सिद्ध हो चुका है, इसमे कोई सन्देह नही रह गया है। कम्युनिज्म का सिद्धान्त ही राष्ट्रद्रोही है। इसके अनुसार देशभक्ति "बुर्जुआ" (पूंजीवादी) धारणा है। राष्ट्रवाद के प्रति इस प्रकार का दृष्टिकोण मार्क्सवाद व लेनिनवाद के लिये घातक रहा है।

अभी हाल की घटनाओं ने इस सत्य को और भी पुष्ट किया है। जो चीज समय की कसौटी पर खरी उतरी है, उसकी अवहेलना करना निश्चित ही मानसिक गुलामी है।

आलइण्डिया बैंक इम्लाइज एसोसियेशन विश्व कम्यूनवाद के आन्दोलन के द्वारा नियंत्रित तथा उसके ही हित के लिए है—यह सत्य है। यह बात भी निष्पक्ष व्यक्तियों को स्पष्ट रहनी चाहिये।

ए. आई. बी .ई. ए. की सदस्यता केवल विकल्प का अभाव

यह सच है कि एक ठोस व प्रभावशाली विकल्प के अभाव में काफी बैंक कर्मचारी अपने स्वार्थों की रक्षा के भावसे इस बातको घोषित करना उचित नही समझते कि उनकी यूनियन जो दिखावटी तौर पर उनकी रक्षा के लिये काम करती है— का नियन्त्रण गद्दारों (देश द्रोहियो) के हाथ मे है। एक बीमार व्यक्ति को अपने शरीर कों उस बस्ती मे स्थित एकमात्र डॉक्टर को मजबूरन सौप देना पडता है, इस बातकी परवाह किए बिना—कि उसकी नियत क्या है, उसकी फीस कितनी ज्यादा है। लेकिन इसमे कोई तर्क नही है कि कर्मचारियों की रक्षा के लिये केवल एकही प्रतिनिधी (संगठन) होना चाहिए। एन. ओ. बी. डब्ल्यू. बैंक कर्मचारियो के सम्मुख इस अति आवश्यक विकल्प के रुपमे खडा हुआ है। मुझे विश्वास है कि आपका प्रयत्न सेवा और प्रेम की भावना से ओतप्रोत है इसलिये आप रोग ग्रस्त कर्मचारियों के लिये कम्यूनवादी पार्टी के धोखेबाज कार्यकर्ताओं की अपेक्षा ज्यादा उपयुक्त सलाहकार सिद्ध होंगे।

कम्यूनवाद राष्ट्रद्रोही ही नही अपितु मजदूर द्रोही भी

यद्यपि आदतों को खत्म होने में कुछ समय लग सकता है किन्तु धैर्य और सातत्य से जिनका आपके पास पर्याप्त भंडार है आप निश्चित ही अन्धकार की शक्तियों पर विजय प्राप्त करेंगे, क्योंकि कम्यूनवादी

आपके स्वभाव व नियत से न केवल राष्ट्रद्रोही अपितु मजदूर हितों के भी दुश्मन है। उनका निहित स्वार्थ कर्मचारियो को अज्ञानी और आधा पेट रखने में है। पार्टी के कार्यकर्ता उन कर्मचारियों में एक अन्धी क्रांति के लिये तबतक के लिये एक प्रकार का ईंधन तैयार करते है जब तक कि वे कर्मचारी रोटी के एक टुकडे के लिये कम्यूनवादी पार्टी पर आश्रित नही बन जाते। इस लिये जब कभी भी किसी गैर कम्यूनवादी संगठन के द्वारा कर्मचारियो के भाग्य मे सुधार लाने की कोई कोशिश की जाती है तो कम्यूनवादीयो को यह बात नागवार लगती है और वे नाराज होकर उसे मैदान से बाहर खदेडने की कोशिश करते है।

ए. आई. बी. ई. ए. का इतिहास इस प्रकार के कर्मचारी विरोधी इरादो से भरा पड़ा है, जो कि कम्यूनवादियो की रण नीति की विशेषता है। यह अनुभव करके कि कर्मचारियो में अपनी जीवन दशा सुधारने के लिये बडी जागरूकता है–और यह कि बैंकों की आर्थिक स्थिति में सुधार के कारण इस भावना की पूर्ति होना भी संभव है, ए० आई० बी० ई० ए० के कम्यूनवादी सदस्यों ने इस बात का प्रयत्न किया है कि श्रमिको को इसका कम से कम लाभ मिले। बोनस संबन्धी अनेक झगडो में इन कम्युनवादियो ने सभी जगह पर पूंजीपति बैंक मालिक से सांठ गांठ करके कम से कम राशि पर सौदा किया है। युनियन हाथ में बनी रह सके इस उद्देश्य से उन्होने समझौता वार्ताओ को काफी देर तक लटकाये रहने का तरीका अपनाया, जिससे कि समय का प्रभाव कर्मचारियों की जीवनी शक्ति पर पडे और वे मानसिक व शारीरिक दोनों ही से हार करके कुछ तो भी मानने के लिये मजबूर हो जाय, बिना यह जांच किये हुए कि वह "कुछ" उनके पूरे प्राप्तव्य के अनुकूल है या नहीं। यही कारण है कि अनक ऐसे मसल में, जो कि औद्योगिक न्यायाधिकरण (Tribunals) और अदालतों के सामने थे, कम्यूनवादी यूनियनों ने आंकडो और आर्थिक अंकों के आधार पर, मालकों की योग्यता पर बहस करने से इकार कर दिया।

नेशनल ट्रिब्यूनल्स (बैंक डिस्प्यूट्स) के सामने, ए० आई० बी०-ई० ए० ने यही नीति अपनाई है। अभी हाल के देसाई एवार्ड में भी तमाम ऐसे प्रमाण मौजूद हैं जो कि यह सिद्ध करते हैं कि ए० आई०-बी० ई० ए० ने माननीय न्यायाधीश श्री के० टी० देसाई द्वारा कर्मचारियों को मिलने वाला उचित न्याय असम्भव कर दिया। मैं अपनी बात स्पष्ट करने के लिए उक्त एवार्ड के कुछ उद्धरण आपके सम्मुख पढ़ूंगा।

देसाई एवार्ड के उद्धरण

जीवन निर्देशांक में हुयी वृद्धि के आधार पर कर्मचारियों के लिए अधिक वेतन सम्बन्धी मामले को प्रस्तुत करने के बाद सम्बधित पक्षों में यह मतैक्य हो गया था कि जिस एक बात के आधार पर बैंकिंग उद्योग में वेतन सम्बधी विवाद तय होना था वह सर्व साधारण श्रमिकों तथा विशेषत: बैंक कर्मचारियों के उपभोक्ता सामग्री के मूल्य तथा उन कर्मचारियों की उपभोग पद्धति के इर्दगिर्द स्थिति थी। ए० आई० बी०-ई० ए० ने अपना संपूर्ण विवाद इसी आधार पर खड़ा किया था। अत: यह आशा करना स्वाभाविक था कि ए० आई० बी० ई० ए० के प्रतिनिधि पर्याप्त आंकडो तथा प्रमाणों के द्वारा अपनी मांग को पुष्ट करने के लिए आगे आते परन्तु इस मसले पर हुये सम्पुर्ण वादविवाद बहस से एक अलग से ही चित्र प्रकट होता है। यहां तक कि प्रारम्भिक सुनवाइयों में जब कि बैंकों के श्रेणी तथा अदालती मामलों के लिये क्षेत्र विभाजन के सम्बन्ध में बहस हो रही थी माननीय न्यायाधीश महोदय एवार्ड के अनुच्छेद ४-१६७ (पृष्ठ ५३) में कहते है:--

ऐसे बैंकों की, जिनका प्रभावशाली प्रतिनिधीत्व मेरे सामने हो रहा है-में लगलग १२०० शाखायें हैं। मेरे सामने इस स्थानों के सम्बन्ध में कोई भी विश्वसनीय आंकडे उपलब्ध नही हैं जिनके द्वारा इन स्थानों के जीवन यापक मूल्य, जीवन स्तर तथा उपभोग पद्धति के आधार पर

इनके श्रेणी विभाजन में मुझे सहायता मिली होती। वास्तव में मैंने सम्बन्धित पार्टियों से अनेक बार उक्त प्रकार की सामग्री प्रस्तुत करने के लिये इच्छा व्यक्त की किन्तु कोई भी मान्य सामग्री प्राप्त नहीं हो सकी। अगर इस प्रकार की सामग्री उपलब्ध हुई होती तो चीजों पर दूसरे ही ढंग से विचार होता अपेक्षाकृत वर्तमान स्थिति के जिसे हम कभी 'एक निर्जीव सूत्र का अन्धा व्यवहार" की संज्ञा देते हैं।

मैं यह बात समझ सकता था कि ए० आई० बी० ई० ए० ऐसी कोई सामग्री नहीं प्रस्तुत कर सकती थी जिससे बैंक मालिकान का मतैक्य होता किन्तु मैं यह नहीं मान सकता हूं कि यूनियन, जो कि जीवन यापक आंकडों, जीवन स्तर तथा उपभोग पद्धति के आधार पर अपनी मांग प्रस्तुत करने के बाद भी अपनी मांगो को पुष्ट करनें के लिये कोई विश्वसनीय आंकडे नहीं प्रस्तुत करती और न्यायाधीश को 'एक निर्जीव सूत्र का अन्धा व्यवहार" की घोषणा करने की छूट दे देती है।

इसी प्रकार अनुच्छेद ५–१०१ (पृष्ठ ९७) में भी न्यूनतम व अधिकतम वेतन क्रम के अनुपात के विषय में बहस करते हुए विद्वान न्यायाधीश महोदय इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि "क्लर्क तथा सबार्डिनेट स्टाफ के वेतन क्रमों के न्यूनतम व अधिकतम के बीच सुझाये गये सम्बन्ध में कोई वैज्ञानिक या तर्क संगत कारण नहीं दिया गया है।" कम्यूनवादियों की इस प्रकार की मनोवृत्ति के कारण पैंकिंग उद्योग के सिपाहियों (चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों) को बहुत बडी हानि पहुंची है।

परिणामतः नया वेतन क्रम देते समय विद्वान न्यायाधीश ने अनुच्छेद ५–१९३ पृष्ठ ११९ में बहुत ही महत्वपूर्ण टीका की है। मेरे सम्मुख पिछले ट्रिब्यूनल्स के निर्णयों की बडी जोरदार आलोचना की गई है कि वे (निर्णय) पर्याप्त आंकडों के अभाव में दिये गये हैं। यहां तक कि अपनाये गये सिद्धान्तों पर भी आपत्ति की गई है। मेरे सम्मुख जो भी विश्वसनीय समझे जाने वाले आंकडे हैं और जिन पर देश के विभिन्न

भागों में स्थित बैंक के कार्यालयों के क्लर्क तथा सबार्डनेट स्टाफ के कर्मचारियों के जीवन की विभिन्न अवस्थाओं की आवश्यकताओं के सम्बन्ध में निर्णय आधारित किया जा सकता है वह अत्यल्प है यहां तक कि देश के विभिन्न भागों में जीवन की आवश्यक वस्तुओं जैसे भोजन, वस्त्र और मकान की कीमतों के सम्बंध में भी मुश्किल से ही कोई विश्वसनीय प्रमाण है। जब वेतन क्रमों का गठन किसी आधार वर्ष (Base Year) से सम्बंधित होना है तो कर्मचारियों की आवश्यकताओं को उक्त आधारवर्ष तथा दिये जाने वाले (नये) वेतन के प्रकार को ध्यान में रखकर विचार करना उचित होगा। इस प्रकार का वेतन क्रम निश्चित करने के बाद आधार वर्ष के स्तर में उपर होने वाले परिवर्तन (वृद्धि) के मुकाबले में महगाई भत्ता के भुगतान का एक सूत्र सामने लाना होगा। दुर्भाग्य से मेरे सामने ऐसी कोई सामग्री नहीं है जिसके द्वारा मैं अपने द्वारा उल्लिखित आधार वर्ष के अनुरूप कर्मचारियों की, रुपयों की सकल में, आवश्यकताओं के आधार पर वेतन क्रमों की रचना कर सकता।" और अब आगे आने वाली राष्ट्रीय त्रिदलीयवार्ता में कम्यूनवादी राजनीतिक घोषणा व श्रमिक विरोधी नीति को कार्यान्वित करने में लगे हैं। यह बात उनके मांगपत्र को देखने से भी पता चल सकती है।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और ए० आई० बी० ई० ए०

ए० आइ० बी० ई० ए की एक मांग अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (श्रमिक वर्ग के लिए) की जांच करने तथा महगाई भत्ते में तदनुकूल सुधार लाने की है। यह सर्वविदित है कि अखिल भारतीय सूचकांक लगभग विगत ४० वर्षों से गलत आधार पर संग्रहीत किया जा रहा है और कम महंगाई भत्ते के रूप मे कर्मचारियों के साथ अन्याय करता रहा है। किन्तु कम्यूनवादियों ने जो कि इस श्रमिक क्षेत्र में पिछले ४० वर्षों से सक्रिय रहे हैं, कभी भी सूचकांकों के इस दोष

मूर्ख एवं श्रम विरोधी गठन की ओर उंगली नहीं उठायी। १८ वीं शताब्दी की दकियानूसी कम्युनवादी पार्टी की आंख तो तब खुली जब कि भारतीय मजदूर संघ की बम्बई शाखा ने १५ अप्रैल १९६३ से २० अगस्त १९६३ तक किये गये अपने निरन्तर आन्दोलन के द्वारा बम्बई की तथा कथित अत्यन्त वैज्ञानिक सूचकांक को बुरी तरह रद्द सिद्ध कर दिया।

किन्तु फिरभी ए० आइ० बी० ई० ए० के ये ओछे लोग जानबूझ कर बैंक कर्मचारियों के लिये श्रमिक वर्गीय सूचकांक (Working Class Index) की रट लगा रहे हैं जबकि इन बैंक कर्मचारियों के लिये वास्तव में मध्य वर्गीय सूचकांक (Middle Class Index) अधिक व्यवहार्य है। देसाई एवार्ड के अनुच्छेद ५-६५ (पृष्ठ ८८) के द्वारा बैंक कर्मचारीयों के लिये मध्यम वर्गीय मूल्य सूचकांक के अनुकूल लाभ एवं सुरक्षा की मांग करने के लिये अग्रिम तर्क प्रस्तुत किये गये हैं। ऊक्त अनुच्छेद के अनुसार जनता के किसी वैशिष्ट वर्ग के जीवन यापक मूल्यों में हुई वृद्धि को निश्चित करने के लिये उचित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का होना आवश्यक है वर्तमान अखिल भारतीय श्रमिक वर्गीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का गठन केवल फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों की दृष्टी से बनाया जाता है। उसी प्रकार का ऐसा कोई अखिल भारतीय सूचकांक उस मध्यम वर्ग के लोगों के लिए नही है जिसकी श्रेणी से वैकिंग उद्योग में लगे हुए क्लर्क स्टाफ मुख्यतया आते है।"

अन्तर्राष्ट्रीय सांख्यकी संगठनों की तांत्रिक समितियों (Technical Communities of International Statistical Bodies) ने बारम्बार कृषक वर्ग, कर्मचारी वर्ग, तथा मध्यम वर्गीय कर्मचारीयों के लिये (अलग २) कम से कम त्रिपक्षीय जीवन मूल्य सूचकांकों की आवश्यकता की वकालत की है। भारत सरकार के केन्द्रीय सांख्यकी संगठन (Central Statistical Organisation) ने अपने वृत्त १९५८-५९ के प्राक्कथन के अनुच्छेद ४ में कहा है—

"केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियो के वेतन निश्चित करने तथा ताल-मेल बिठाने के सिलसिले में अनेक बार– अखिल भारतीय मध्यम वर्गीय जीवन सूचकांक की आवश्यकता का अनुभव किया गया है। अतएव श्रम एवं नियोजन मन्त्रालय द्वारा जीवन मूल्य सूचकांकों के विषय पर स्थापित तांत्रिक सलाहकार समिति Technical Advisory Committee) १९५४ में यह अनुशंसा की कि पारिवारिक बजट की जांच की जाय जिसमें अन्य वर्गों के साथ ही शहरी मध्यम वर्गीय आबादी भी हो। १९५७ में समाचार पत्र कर्मचारियों के लिये गठित वेतन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में इंगित करते हुए उल्लेख किया कि मध्यम वर्ग के कर्मचारीयों के लिए व्यवहार्य जीवन मूल्य सूचकांकों के अभाव में इस (आयोग) को अपने कार्य में बहुत सी रुकावटें आई और अनुशंसा की चूंकि मध्यम वर्गीय कर्मचारियो के वेतन से सम्बधित विवादों की संख्या में वृद्धि हो रही है, सरकार को चाहिये कि विश्वसनीय मध्यम-वर्गीय, जीवन मूल्य सूचकांकों के संग्रह तथा प्रकाशन हेतु आवश्यक कदम उठाये।'

मध्यम वर्गीय सूचकांक व बैंक कर्मचारी

सच्ची बातें तर्कों से भी अधिक बुलन्द होती है। कम्युनवादी एक ओर तो बढ़ते हुये मूल्य स्तर के विरोध में चिल्लाते हैं किन्तु दूसरी ओर वे एक ऐसी योजना की वकालत करते हैं जिसके फलस्वरूप हो उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त वे जीवन मूल्य सूचकांक के दोष पूर्ण गठन के सम्बन्ध में चुप्पी साधकर उसके भागीदार बन जाते है जिसके ही आधार पर वेतन के ऊपर मूल्य वृद्धि के प्रभाव को निष्क्रिय करने का सारा तंत्र ही खड़ा हुआ है। ट्रिब्यनल्स के सामने अपने सभी तर्कों में ये कम्यूनवादी ऐसा कोई आंकड़ा प्रस्तुत नहीं करते जिससे कि कर्मचारियोंयों को न्याय मिल सके। जब श्रमिकों में उत्पन्न क्षोभ की ताकत के सामने उन्हे मूल्य सूचकांक के विषय को टालने में कठिनाई का अनुभव होता है उस समय वे मध्यम वर्गीय मूल्यसूचकांक के

स्थान पर श्रमिक वर्गीय मूल्य सूचकांक मांग कर चीजों को आपस में उलझा देते हैं। सांख्यिकी व्यवहार के सभी विद्यार्थियों को यह भली भांति पता है कि मध्यम वर्गीय जीवन मूल्य सूचकांक का व्यवहार बैंक कर्मचारियों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को शुद्ध करने के अतिरिक्त न केवल अधिक लाभदायक है अपितु इससे भी आसान वह अन्य की अपेक्षा शीघ्रता से किया जा सकता है। मध्यम वर्गीय जीवन मूल्य सूचकांक सम्बन्धी प्रमाण व आंकडे तैयार हैं और यह केवल एक महिने की बात है कि इस आंकडे को उपयोग में लाया जा सकता है। इसके विपरीत अखिल भारतीय श्रमिक वर्ग जीवन मूल्य सूचकांक को शुद्ध करना तब तक प्रशासकीय दृष्टि से असम्भव है जब तक की १९६८-६९ की जांच एक रूप से संपूर्ण राज्यों में पूर्ण नहीं हो जाती।

मध्यम वर्गीय मूल्य सूचकांक और विशेषज्ञों की राय

अन्तर्राष्ट्रीय विशेषज्ञो की राय भी बैंक कर्मचारियों द्वारा मध्यम-वर्गीय मूल्य सूचकांक की मांग के पक्ष में है। जीवन यापक मूल्य के ऊपर विचार करने के किये नियुक्त भारत सकार की तांत्रिक सलाहकार समिति (Technical Advisory Committee) भी उन बैंक कर्मचारियों के पक्ष का समर्थन करती है। विभिन्न ट्रिब्यूनल्स जिसमें देसाइ ट्रिब्यूनल भी सम्मिलित है-का कहना है कि मध्यम वर्गीय सूचकांक के आधार पर ही बैंक कर्मचारियों के साथ न्याय किया जा सकता है। देश के केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन ने इस प्रकार के न्याय दिये जाने की समर्थता प्रदान करने के लिए सम्पूर्ण आंकडों सहित अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की है परन्तु यह सब होते भी ए० आई० बी० ई० ए० के नियन्त्रक श्रमिक विरोधी कम्यूनवादियों ने इस प्रकार की मांग करने से इन्कार कर दिया है। यदि बैंक कर्मचारियो का संगठन ही मध्यम वर्ग की सभा-स्थाओं पर एक शब्द नहीं बोलता तो फिर उन मध्यम वर्ग के लोगों की मांगों को लेकर कौन चलेगा ?

वर्ग संघर्ष और कर्मविहीन समाज की कल्पना ढकोसला मात्र

यह सम्भव है कि कुछ लोग वर्ग विहीन समाज के नाम पर मध्यम वर्गीय मूल्य सूचकांक की खिल्ली उडाये। इस प्रकार के प्रयत्नों को अधिक महत्व देने की आवश्यकता नही है क्योंकि मार्क्सवादियो ने भी समाज को सम्पत्ति सहित तथा सम्पत्ति रहित इन दो वर्गो मे विभाजित किया है। कम्यूनवादी रुस और चीन मे समाज के भीतर का यह श्रेणी विभाजन पूंजी वादी अमेरिका अथवा पश्चिमी जर्मनी की अपेक्षा कही दस गुना असमान है। वैज्ञानिक श्रेणी विभाजन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के लोगों के वेतन की विषमता का क्या आधार होना चाहिए-यह एक स्वतन्त्र शोधका विषय है। इतनाही कहना पर्याप्त होगा कि इस विषय पर प्राचीन भारतीयो के विचार भी अपेक्षाकृत अधिक प्रगतीशील, श्रेष्ट तथा वैज्ञानिक थे। कुछ तो हो मध्यम वर्गीय जीवन मूल्य सूचकांक का सिद्धात समाज के अन्दर के श्रेणी विभाजन से सम्बद्ध है और इस सम्बन्ध मे वर्गविहीनतावाद की कोई उपयुक्तता नही है! इतिहास में ऐसे किसी समाज का पता नही चलता है कि जो श्रेणी रहित हो और आज के औद्योगिक और गतिमान समाज मे वर्तमान विभिन्न श्रेणियों की आवश्यकताओ के मूल्य मापक यन्त्र अर्थात् जीवन मूल्य सूचकांक की अवहेलना करके कोई आर्थिक न्याय भी नही किया जा सकता। मध्यम वर्गीय जीवन मूल्य सूचकांक तथा इस सूचकांक का असली वेतन के रूप में शत प्रतिशत श्रेणी विभाजन बैंक कर्मचारी आन्दोलन के लिये अपरिहार्य है। इस प्रकार की मांगो को लेकर चलने से इंकार करने वाले ए. आई. बी. ई ए. के कम्यूनवादी बैंक कर्मचारियो के लिये कम से कम पर समझौता करने की अपनी पुरानी चाल खेल रहे है और उस बैंक कर्मचारियो के आन्दोलन को गरीब मजदूर वर्ग के नाम पर देश द्रोही क्रान्ति जो वे करने वाले है की ताप का ईंधन बनाने का प्रयत्न कर रहे है। यह अच्छा मौका है कि राजनीतिक उद्देश्यों से प्रेरित मजदूर संगठनो के संचालन मे कम्युनवादियों की इन चालों का पूरी तौर पर भंडा फोड किया जाय।

हास्यास्पद शोषण

ऐसे उदाहरण जिसमे कम्यूनवादियों ने बैंक कर्मचारियों का शोषण किया है सचमुच मे हास्यास्पद है। "समान कार्य के लिये समान वेतन" एक ऐसा सिद्धात है, जिसकी घोषणा वर्कर्स आर्गनाइजेशन ने बडे जोरो से की है। एक असमान वेतन राशी (Pay packet) जिससे देश के विभिन्न अंचलो में समान उपभोग्य सामग्रीव सेवायें उपलब्ध की जा सकती है-- यह मांगो को पूरा कराने का स्वाभाविक तरीका है। किन्तु कम्यून वादियों ने यह दिखाने की कोशिश की है कि उन्होंने आबादी के आधार पर भत्ते मांग कर इस समस्या को हल कर लिया है। इस वास्तविकता के अलावा कि किसी विशेष संख्या पर ही उदाहरणार्थ ७ लाख परन्तु कि ५ लाख आबादी को विभाजित करने के पीछ कोई तर्क नही है साथ ही विभिन्न अंचलो के लिये विभिन्न भत्ते की मांग के औचित्य से भी आबादी का आधार निरर्थक हैं। क्या इसको इस तरह कहा जाय कि यदि अपने शहर के लिये अधिक भत्ते प्राप्त करना चाहता हूं तो मुझे आबादी बढाने का प्रचार करना चाहिये और हमे परिवार नियोजन केन्द्रो पर मोर्चा लगाना चाहिए. क्योंकि हमारे भत्ते मे कमी हो रही है। यह तर्क का मजाक उडाना है। भारत सरकार के केन्द्रिय सांख्यिकी संगठन ने विभिन्न नगरों की तुलनात्मक महंगाई के आकडे प्रकाशित करने की अपनों इच्छा की घोषणा की है। वास्तव मे ये वे आंकडे है जो कि विभिन्न नगरो की आर्थिक मांग की दृष्टि से उपयुक्त है, न कि आबादी का संख्या। श्रमिक विरोधी ए. आई. बी. इ. ए. इस वस्तु स्थिती को छिपा करके रखना चाहती है।

मैं इस बात का सकेत तो कर ही चुका हूं कि ए० आई० बी० ई०ए० न्यूनतम व अधिकतम वेतन की दूरी से सम्बन्धित कोई आंकडा नही प्रस्तुत करना चाहती है। यह (ए० आई० बी० ई० ए०) अपने इस विचार को कि एक मध्यम वर्गीय कर्मचारी के सामान्य परिवार में केवल ३ सदस्य होते हैं-की रट लगाती है जब कि मध्यम वर्गीय सर्वेक्षण

के अनुसार औसत परिवार के सदस्यों की संख्या ६ है। यह (ए० आई० बी० ई० ए०) वैज्ञानिक पदोन्नति नीति (Scientific Promotion Policy) निर्धारण सम्बधी संसार में एकत्रित समस्त अनुभवों की अवहेलना करना चाहती है। यह बैंकों के श्रमिकीकरण का विरोध करती है और चाहती है कि बैंक कर्मचारी एक निर्जीव नीरस सरकारी उद्योग का एक अंग तथा सरकारी यंत्र का एक गुलाम मात्र बन जाय जिससे कि वह भी जीवन बीमा निगम के कर्मचारियों की भांति आटोमेशन के कारण उत्पन्न छटनी के एक मात्र विकल्प को अथवा कम वेतन राशि स्वीकार करने के लिए विवश हो जाय। ए० आई० बी० ई० ए० की पूरी पंक्ति की पंक्ति मजदूरों की नम्बर एक की दुश्मन है।

न्यूनतम व अधिकतम का ताल मेल

अभी हाल में भारत सरकार ने योजना आयोग में 'आय एवं जीवनस्तर विभाजन समिति' (Committee on Distribution of Income and Levels of Living) की एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट का एक मात्र उद्देश्य आर्थिक सम्पत्ति के खपत के तरीकों के द्वारा स्वतंन्त्र और समानता पूर्ण सामाजिक मनोवृत्ति व उसके जीवन मूल्यों का निर्माण करना है। कुछ श्रम-अर्थ शास्त्रियों ने अब यह अनुमान लगाया हैं कि राष्ट्रीय सम्पत्ति को इस प्रकार बांटा जाना है कि विभिन्न वेतन राशियां १८० रु० की न्यूनतम व १८०० रु० की अधिकतम दूरी के बीच श्रेणियों में बँट जाय जिससे कि १ व १० के अनुपात वाली न्यूनतम व अधिकतम आर्थिक लाभ के उद्देश्य की प्राप्ति हो सके! मध्यम वर्गीय सर्वेक्षण द्वारा प्रदर्शित मध्यम वर्गीय परिवार की आदर्श व्यय पद्धति (Model Expenditure Pattern के अनुसार एक औसत मध्यम वर्गीय परिवार को देश के शिक्षित समाज के लिये अपेक्षित स्तर पर किसी प्रकार जिन्दा रखने के लिये प्रति माह ३५०) की आवश्यकता है। देश के उत्थान के लिये आवश्यक है कि

मध्यम वर्ग के लोग विभिन्न आन्दोलनों उदाहरणार्थ –सहकारिता, मजदूर संगठन, साक्षरता अभियान, भारत सेवक समाज, राष्ट्रीय एकता आन्दोलन आदि के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के कार्यों में भाग ले। इन कर्मचारियों के बच्चों से उम्मीद की जाती है कि वे विभिन्न सामाजिक व शैक्षणिक कार्यों जैसे एन. सी. सी. अध्ययन यात्रा, प्राविधिक शिक्षण योजनायें आदि में भाग लें। केवल इसी उद्देश्य से सरकार की विभिन्न समितियों ने मध्यम वर्ग को, जो कि समाज की रीढ़ हैं–के सामरिक महत्व की घोषणा की है। यदि मध्यम वर्ग को इन अपेक्षाओं की पूर्ति करनी है तो एक औसत बैंक क्लर्क (जो की मध्यम वर्गीय आन्दोलन की महत्वपूर्ण कडी है) की वेतन लम्बान में (pay range) ३५० रुपये से ८०० रुपये प्रति मास होनी चाहिये और इस वेतन लम्बान में को १८० रु. से १८०० रु. तक की राष्ट्रीय वेतन लम्बान में उचित रीति से बैठाया जाय, जिसमें इसके साथ ही चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियो को भी समानुपातिक वेतन क्रम मिल सके।

बैंकों का स्वामित्व बैंक कर्मचारियों का

इस प्रकार के कुछ सत्य हैं जिनसे एक मध्यम वर्गीय संगठन के नाते आपको भिडना होगा। राष्ट्रीय अर्थ तन्त्र में अपनें लिए इस प्रकार के स्थान पाने का प्रयत्न बैंको की व्यवस्था में साझेदारी अथवा उनके पूर्ण निमन्त्रण की दृष्टि से भी आपको सिद्धाता प्राप्त करनी चाहिए। बैंकों का संचालक इस ढंग से होना चाहिए कि उसके द्वारा न केवल हमारी मांग के अनुसार योग्य न्याय प्राप्त हो अपितु साथ ही वे बैंकिंग उद्योग के अपने उत्तरदायित्व अर्थात् वस्तुओं के मूल्यों को बढने न देना तथा पूर्ण रोजगार की व्यवस्था करने का योग्य निर्वाह कर सकें। यह इस उद्योग के लिये राष्ट्रीय अनुशासन है, जो कि हमारी मांग का एक अंग है। यदि पूंजीपति वर्ग इस कर्त्तव्य के पालन करने की स्थिति में नहीं हैं तो उन्हें चाहिए कि वे बैंको का स्वामित्व छोड दें

और इच्छक कर्मचारियों को भारत के बैंकिंग उद्योग की व्यवस्था व उसका स्वामित्व लेने की अनुमति दें।

शुभकामना

मुझे भरोसा है कि नव निर्मित एन. ओ. बी डबल्यू. उपर्युक्त सभी महत्व विषयों पर बैंक कर्मचारियों को योग्य नेतृत्व प्रदान करेगा। इस आशा और विश्वास के साथ मैं इस नविन संगठन की सफलता की कामना करता हूं।

भारतीय शुगर मिल मजदूर संघ.

गोरखपूर (उ.प्र.) दि. २६ एवं २७ मार्च १९६६

आज के इस अखिल भारतीय सम्मेलन के अवसर पर आप का स्वागत करते हुए मुझे हार्दिक हर्ष हो रहा है। मजदूरो का, मजदूरों के लिये मजदूरों द्वारा चलाया गया श्रमिक महासंघ अब तक चीनी उद्योग में नहीं था उसका निर्माण करने के लिये आप सब यहाँ एकत्रित हुये हैं, इसलिये मैं आपको बधाई देता हूं।

भारत की अर्थ रचना में चीनी उद्योग का बहुत बडा महत्व है। आज देश में लगभग १७५ चीनी संस्थान हैं जिनमें २,००,००० मजदूर काम कर रहे है। समूचे देश में ५१–५२ लाख एकड़ भूमि पर गन्ने की खेती होती है जिसमें कुल मिलाकर २० लाख किसान सम्बन्धित हैं। निजी क्षेत्र में कपड़ा मिलों को छोड़कर चीनी ही सबसे बड़ा उद्योग है।

भारतीय मजदूर संघ ने ६ साल पूर्व चीनी उद्योग क्षेत्र में प्रवेश किया। इस अल्पावधि में लगभग सभी सम्बन्धित राज्यो में हमारा कार्य प्रारम्भ हुआ है और उत्तर प्रदेश में राज्य स्तर पर चीनी महासंघ का भी कार्य चल रहा है। चीनी मजदूरो की सभी समस्याओं पर भी मजदूर संघ ने समय समय पर यथोचित मार्ग दर्शन किया है जिसके फलस्वरूप मजदूर संघ के नेतृत्व के विषय में चीनी मजदूरों में दिन प्रतिदिन अधिकाधिक विश्वास बढ़ता जा रहा है। अन्य मांगों के साथ हमने चीनी मजदूरों के लिये द्वितीय वेतन आयोग के नियुक्ती किये जावे की मांग कि था जिसके फलस्वरूप सरकार को आयोग नियुक्ती की घोषणा करनी पडी।

द्वितीय वेतन आयोग

१६ नवम्बर, ६५ को भारत सरकार ने चीनी उद्योग के लिये द्वितीय वेतन आयोग नियुक्ति की घोषणा की जिसका हिमायतनगर हैदराबाद, केन्द्रीय कार्यालय है तथा इसके प्रधान श्री के० भीमशंकरन हैं। इस आयोग को यूनियन तथा फेंडरेशन दोनों ओर से आवेदन–पत्र भेजा जा सकता है। ऐसे आयोग के नियुक्ति का मैं स्वागत करता हुं।

इस आयोग को निर्देश दिया गया है कि उसे अपनी सिफारिशों को पेश करने के पूर्व निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना चाहिये।

१ प्रथम चीनी उद्योग वेतन आयोग को सिफारिशें तथा उस पर किये गये सरकारी निर्णय।

२ Fair Wages Committee का प्रतिवेदन तथा उसमें निहित Fair Wage का सिद्धान्त।

३ विकसन शील अर्थ रचना में चीनी उद्योग को आवश्यकतायें–चीनी के निर्यात बनाये रखने तथा बढ़ाने की आवश्यकता।

४ चीनी उद्योग की विशेषताएँ।

५ सामाजिक न्याय की आवश्यकताएँ।

६ श्रमिकों को अपनी कुशलता बढ़ाने के लिये प्रोत्साहन मिले इस ढंग से Wage differentials कायम करने की आवश्यकता। और

७ परिणामों के आधार पर पारिश्रमिक देने की पद्धति इस उद्योग में लागू करने की वांछनीयता।

सरकारी विज्ञप्ति में यह भी बताया गया हैं कि :—

उत्पादन या उत्पादकता के आधार पर पारिश्रमिक की पद्धति लाई गई तो भी न्यूनतम वेतन का निर्धारण आवश्यक ही रहेगा, और

इस पध्दति के फलस्वरूप काम के बोझ तथा गति मे अनुचित वृध्दि न हो यह भी देखना होगा।

हमारी प्रतिक्रिया

प्रथम वेतन आयोग की सिफारिशें, Fair Wages Committee के द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्त तथा सामाजिक न्याय की आवश्यकताएँ–इन तीनों बातो के विषय में सरकारी विज्ञप्ति का आग्रह स्वागत है। चीनी उद्योग की विशेषताओं को हर परिस्थिति में ध्यान रखना ही होगा किन्तु शेष तीन बाते खतरे से खाली नहीं है। निर्यात वृद्धि की आवश्यकता के नाम पर यह बताया जा सकता है कि विदेशी मंडियों में हमारी चीनी तब तक नहीं बेची जायेगी जब तक उसको हम स्पर्धात्मक कम कीमत में नहीं बेचते। कम कीमत में बेचना तभी सम्भव होगा जब उत्पादन का खर्चा कम होगा। पर उत्पादन का खर्चा घटाने का रास्ता क्या है? क्या मालिकों के मुनाफे घटाना? मध्यस्थ दलालों के कमीशन समाप्त करना? सरकारी करों को घटाना? अथवा ट्रांसपोर्ट का खर्चा कम करना? नहीं। इसमें से एक की भी बात नहीं। खर्चा घटाने का एकमात्र रास्ता होगा मजदूरों का पारिश्रमिक घटाना। मजदूरों को ही इसके लिये बलि का बकरा बनाया जायेगा साथ ही इसके लिये तर्क भी सुन्दर शब्दों में उपस्थित किया जायेगा।

श्रमिको में कुशलता बढ़ाने के लिये प्रोत्साहन मिले इसलिये wage differentials, और परिणामों के आधार पर पारिश्रमिक–ये दोनो बातें मजदुरो को समाप्त करने वाली है। आज कहा जायेगा कि यह सब करतें समय सावधानी बरती जायेगी कि काम का बोझ तथा गति न बढे–यह तो कहने की बात है। और वह भी तब तक जब तक कि इस नई पद्धति का प्रारम्भ नही किया जाता। पद्धति का प्रारम्भ होने के पश्चात इस तरह के तर्क उपस्थित करनें की आवश्यकता थी किसी को प्रतीत नही होगी। मजदूर चिल्लायेंगे किन्तु अब वह पद्धति

सर्व स्वीकृति हो गई है, यही बताकर उनको दबा दिया जायेगा तथा काम का बोझ तथा गति बढ़ेगी। काम करने वाले मजदूरों का स्वास्थ्य खराब होगा। अतिरिक्त (surplus) और मजदूरों की संख्या बढ़ेगी और उनकी छटनी होगी। फिर भी 'प्रगमनशीलता' के नाम पर ये सारी बातें बर्दास्त करने के लिये बताई जायेंगी। परिणाम टाले नहीं जा सकते। अश्रुविहीन अभिनवीकरण की घोषणा हमने कितनी ही बार सुनी। अभिनवीकरण का स्वागत करने के लिये श्रमिक तैयार हो जायें इस हेतु बताया जाता है कि उसके फलस्वरूप छटनी नहीं होगी, किसी को बेकार नहीं किया जायेगा। इस आश्वासन के आधार पर कुछ श्रमिक संस्थायें अभिनवीकरण का सुझाव मान लेती है किन्तु बाद में सारे दुष्परिणाम दिखाई देते हैं किन्तु उस समय चिल्लाने से कुछ लाभ नहीं होता। चीनी उद्योग में भी इसी की पुनरावृत्ति हो सकती है। इस सम्भावना का सामना करने के लिये हमें चीनी मजदूरों का संगठन बहुत प्रभावी तथा शक्तिशाली बनाना पड़ेगा।

न्यूनतम का निर्धारण

चीनी उद्योग के हर केन्द्र में न्यूनतम वेतन का निर्धारण वास्तविकता के आधार पर होना चाहिये। इसलिये केवल पुस्तकों का आधार अपर्याप्त है। हर केन्द्र में चीनी मजदूरों के परिवारों के औसत मासिक खर्चों की जाँच होनी चाहिये। उसी के आधार पर न्यूनतम वेतन निश्चित हो और 'रिटेनिंग एलाविंस' किसी भी परिस्थिति में इस न्यूनतम से कम न हो।

जीवन निर्देशांक से सम्बन्ध

न्यूनतम से ऊपर सभी वेतन श्रेणीयाँ Job analysis तथा Job evaluation के वैज्ञानिक आधार पर निश्चित होनी चाहिये। अब तक इस वैज्ञानिक ढंग का आधार चीनी उद्योग में नहीं लिया गया। वैसे तो

मँहगाई भत्ते को मल वेतन में शत प्रतिशत शामिल कर देना चाहिये, और सम्पूर्ण वेतन का सम्बन्ध शास्त्रीय आधार पर पुनर्रचित जीवन निर्देशांक के साथ जोड देना चाहिये। चीनी मजदूरों का सही और असली वेतन सुरक्षित रखने का यही एकमात्र मार्ग है। रिटेनिंग एलाविंस' का भी सम्बन्ध इसी प्रकार जीवन निर्देशांक से जोडना चाहिये।

हमारी मांगे

वेतन के अलावा अन्य प्रश्नों पर भी सर्वकष विचार करते हुये भारतीय मजदूर संघ ने चीनी मिल मजदूरों की ओर से निम्न मांगें प्रस्तुत की हैं।

१ चीनी वेतन आयोग के अन्तर्गत की त्रुटियो का सुधार किया जाय।

क–चीनी वेतन आयोग ने पुराने एवं अनुभवी तथा नवनियुक्त कर्मचारियों के मध्य gradation का अन्तर नहीं किया हैं। अतः पुराने श्रमशील एवं अनुभवी कार्यकरों को प्रति ३ वर्ष के अनुभव के आधार पर एक तरक्की दी जाय।

ख–सिपाही, चपरासी, लैब ब्वायज, सेन्टफूगल मशीन के कर्मचारियों एवं कामदार ऐसे दायित्वपूर्ण कार्यकारों को अकुशल श्रेणी मे रखा गया है, उन्हें अर्धकुशल श्रेणी रखा जाय।

ग–केन क्लर्क, पेमेन्ट क्लर्क, सेन्टर इन्टर इन्चार्ज, केन सुपरवाईजर आदि जैसे लिपिक कर्मचारियों के श्रेणी–क्रम की विषमता हटाई जाय।

घ–मिल सेवा से मुक्त कर्मचारियों के रिक्त स्थानो की पूर्ति सेवा मुक्त कर्मचारियों के ही परिवार से किया जाय तथा उन्हें नई भर्ती मे योग्यतानुसार प्राथमिकता दी जाय।

ङ–स्थानीय कर्मचारियों में से ही अनुभव के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति में पदोन्नति करने का नियम बनाया जाय।

च–सेवामुक्त कर्मचारियों को मिल से अन्तिम चुकता हिसाब पाने के साथ संचित कोष का धन भी देने की व्यवस्था की जाय।

छ–सेवामुक्त होने वाला कर्मचारी यदि सेवामुक्ति की अनियमितत को चुनौती देकर सिद्ध करना चाहता हो तो उसे विवादग्रस्त अवस्था में सेवामुक्त न किया जाय।

ज–वेतन आयोग के ग्रेच्युटी नियम के अन्तर्गत नॅशनल बेसिक पे हटाकर वर्तमान वेतन के आधार पर देने का नियम लागू किया जाय।

झ–उत्पादन के आधार पर बोनस देने का नियम लागू किया जाय।

ञ–छटनी की प्रथा समाप्त की जाय।

ट–सेवामुक्ति की अवधि ५८ वर्ष समाप्त कर कार्य क्षमता के अभाव के आधार पर किया जाय।

ठ–चीनी वेतन आयोग लागू होने के पूर्व के क्वार्टरों का किराया न लिया जाय।

ड–किराया देने वाले कर्मचारियों को क्वार्टर देना अनिवार्य किया जाय।

ढ–प्रत्येक क्वार्टरों की सफैदी व मरम्मत प्रतिवर्ष किया जाय तथा सफाई, रोशनी एवं पानी आदि की सुविधा उसमें अनिवार्य रूप से रहे।

२–औद्योगिक विवाद अधिनियम में परिवर्तन किया जाय

अ–संराधन समिति द्वारा समाप्त किये गये विवादो का कारण अनिवार्य रूप से ज्ञात कराया जाय तथा पुनर्विचार करने क अवसर दिया जाय ।

ब–मिल प्रतिष्ठान में सब कारोबार एवं साहित्य राष्ट्रभाषा हिन्दी में किये जाने का नियम बनाया जाय ।

स–मजदूर एवं मैनेजमेंट के मध्य विवादो की पैरवी एवं संघ सम्मेलन में प्रतिनिधित्व हेतु सम्मिलित होने वाले प्रतिनिधियों को सवेतन छुटटी दिया जाय ।

द–मजदूर सम्बन्धी सम्पूर्ण विवादो का हल, मिल प्रतिष्ठान में ही करने की व्यवस्था की जाय ।

३–प्रत्येक मिल मे चौबीस घन्टे उपलब्ध रहने वाला प्रशिक्षित एवं अनुभवी चिकित्सक की व्यवस्था हो । दवा एवं उपचार का भेद-भाव न बरता जाय ।

४–प्रत्येक मिल से ठेकेदारी प्रथा समाप्त की जाय ।

५–स्थायी कार्यों पर अस्थाई मजदूर लगाने की व्यवस्था समाप्त की जाय ।

६–श्रम एवं पूँजी के संतुलन एवं उत्पादन की वृद्धि के लिये मिल के प्रबन्ध मण्डल में मजदूरों की भी साझेदारी हो ।

७–समान स्तर पर समस्त मौसमी कर्मचारियों रिटेनिंग को देने को प्रथा लागू की जाय ।

८–मिल बन्दी में अस्थायी कार्यों पर मौसमी कर्मचारियो को ही प्राथमिकता दी जाय ।

९–प्रत्येक मिल द्वारा कर्मचारियों के बच्चों को विद्याध्ययन हेतु प्राथमिक विद्यालय की व्यवस्था हो।

सर्वंकष दृष्टिकोण

भारतीय मजदूर संघ एकांगी संकीर्ण विचार को लेकर नहीं चलता। हम मानते हैं कि मजदूर, उद्योग तथा देश तीनों के हित एक ही दिशा में जाने वाले हैं। कठिनाई इसलिये पैदा होती है कि मिल मालिक राष्ट्रहित से अपने स्वार्थ को अधिक महत्व पूर्ण समझते हैं।

उत्पादक

अक्टूबर–नवम्बर में प्रारम्भ होने वाले १९६६–६७ के मौसम में गन्ने का आधार भूत न्यूनतम मूल्य वही रहेगा जो चालू मौसम म है अर्थात ५ रुपये ३६ पैसे प्रति क्विन्टल। यदि गन्ने से १०.४ प्रतिशत या उससे कम मिठास निकलती है तो उसकी कीमत ५ रुपया ३६ पैसे प्रति क्विन्टल होगी। यदि मिठास इससे अधिक निकलती हैं है तो हर ०.१ प्रतिशत पर ४ पैसा प्रति क्विन्टल बढ़ जायेगा।

आगामी मौसम शुरू होने से पूर्व कारखानों द्वारा दी जाने वाली कीमत इसी आधार पर निश्चित की जायेगी यह घोषित सरकारो नीति है। क्या इससे उत्पादकों को संतुष्टि होगी? हमें इस विषय में संदेह है। तो भी इस विषय में अधिकृत प्रतिक्रिया प्रकट करने का काम उत्पादकों की प्रतिनिधि संस्था का है। यदि उसने इस विषय मे असंतोष प्रकट किया तो उनकी उचित मांगों को हमारा नैतिक तथा व्याव हारिक समर्थन अवश्य प्राप्त होगा।

उद्योग और उपभोक्ता

इस वर्ष कुल मिलाकर ३३.५० लाख टन चीनी का उत्पादन देश में होगा। गत वर्ष की ७,००,००० टन चीनी अभी हमारे पास है

प्रतिमास २.३० लाख टन चीनी देश के लोगों के उपयोग के लिये खुली की जाती है। सुरक्षा, नेपाल, भूटान तथा सिक्किम के लिये एक लाख टन चीनी हम खर्च करते है। इस वर्ष केन्द्रीय सरकार लगभग पाँच लाख टन चीनी निर्यात करेगी। इस सरह देश में आठ लाख टन चीनी अतिरिक्त रहेगी। इस अतिरिक्त चीनी को -खुला' किया तो चीनी का मूल्य कम किया जा सकता है। यह करना आवश्यक भी है। चीनी के साठों पर सरकार को अधिक एडवान्स देना चाहिये।

भारतीय चीनी उद्योग अन्वेषण केन्द्र

हमारे लिये यह हर्ष का विषय है कि हमारे अखिल भारतीय चीनी श्रमिक महासंघ के निर्माण के पूर्व ही अपना भारतीय चीनी उद्योग अन्वेषण केन्द्र' प्रारम्भ हो चुका है। चीनी उद्योग के ख्यातनाम विशेषज्ञ श्री ठाकुरदास जी साहनी के नेतृत्व में दिनांक ११–१०–६५ को इस केन्द्र का शुभारम्भ लखनऊ में हुआ। पिछले ३३ वर्ष के उत्पादन काल में सरकार तथा मालिकों द्वारा उपेक्षित भारत के इस क्रमांक २ के उद्योग का सर्वांगीण अध्ययन कर, केन्द्र प्रमुख श्री साहनी जी ने उत्तर प्रदेश, बिहार तथा पंजाब के चीनी उद्योग की, चतुर्थ पंचवार्षिक योजना की अवधि में सर्वतोमुखी प्रगति की योजना देश तथा सरकार के सामने रखी है। उपभोक्ता, मालिक, मजदूर तथा सरकार चारो को लाभान्वित करने वाली यह योजना है। उद्योग विषयक हमारी सर्वकष विचार पद्धति का सम्यक परिचय इस योजना के द्वारा होता है। हमारा दृष्टिकोण राष्ट्रीय तथा रचनात्मक है। यही उद्देश्य है अन्वेषण केन्द्र के निर्माण का। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इस योजना को अध्ययन करके स्वीकार करे। इसी में चारो तत्वों का कल्याण है।

इसके पूर्व जब चीनी सब वर्षों की तुलना में अधिकतम हुई थी, तब चीनी की मिलों को सरकार ने ९७ करोड़ का एडवान्स दिया था; इस वर्ष का लाभ ध्यान में रखते हुये १४० करोड़ एडवान्स देने की

जरूरत है। इस दृष्टि से कृषि मंत्रालय को चाहिये कि वह अर्थ मंत्रालय के साथ वार्ता करे।

चीनी का बफर स्टाक रखने के विषय में सेन कमीशन ने सिफारिश की थी—उस पर अमल होना चाहिये। चीनी पर से करों का बोझ घटाना चाहिये। नियंत्रण के विषय में साधारणतः सोचा जाता है कि वह उपभोक्ताओं के हित में ओर मालिकों के विपक्ष में जाता है। चीनी की बात ठीक उल्टी है। चीनी पर से नियंत्रण हटाया तो उपभोक्ताओं को ही लाभ होगा—न कि मालिकों को।

उद्योग से सम्बन्धित सभी पक्षों मे अधिकतम महत्व रखने वाला पक्ष है उपभोक्ताओं का। मजदूर भी उपभोक्ता ही है। गन्ना उत्पादक चीनी उद्योग, उपभोक्ता ओर श्रमिक—चारों के हित परस्पर पूरक है न कि परस्पर विरोधी। इस सिद्धान्त के आधार पर चीनी उद्योग के विषय में वैज्ञानिक अन्वेषण करते रहना चारो के हितों की दृष्टि से आवश्यक है।

चीनी मजदूरों के संगठन तथा आन्दोलन को सही मार्गदर्शन करने का दायित्व आप सब प्रतिनिधि बन्धुओं का ही है। केवल श्रमिक-कल्याण की दृष्टि से चलनेवाला महासंघ आप निर्माण करेंगे तो उसके तत्वावधान में रचनात्मक दृष्टिकोण से अपनी प्रगति करना भारत के चीनी मजदूरों के लिये सम्भव नही होगा। अस्तु अवांछनीय, अराष्ट्रीय; व्यक्तिवादी, राजनैतिक प्रभावों से चीनी मजदूरों को बचाकर उनका राष्ट्रव्यापी प्रबल श्रम संगठन खड़ा करना यह आपका ही दायित्व है। इस दायित्व का निर्वाह करने में इस सम्मेलन को सफलता प्राप्त हो—यही भगवान से मेरी प्रार्थना है।

भारतीय रेल मजदूर संघ

मुलुंड (महाराष्ट्र) २६ मे १९६६

आज के इस अखिल भारतीय सम्मेलन के अवसरपर सबका स्वागत करते हुए मुझे बहुत हर्ष हो रहा है। यह सम्मेलन अपने भारतीय मजदूर संघ तथा भारतीय रेल मजदुर संघ के प्रगति में एक ऐतिहासिक घटना सिद्ध होगी ऐसा मेरा विश्वास है।

हम लोगोंके परिपाठ के अनुसार सब लोगोंके साथ दिल खोलकर बातचीत कर उनका दुखदर्द समझकरहि उनको सही मार्गदर्शन किया जाता है। अर्थात इसी ढंगसे रेल कर्मचारियोंके विभिन्न श्रेणीयों (Catagory) की समस्याओंका विचार हो सकेगा। और अपने एक विशेष पारिवारिक भूमिका होने के नाते इसी तरह समस्याओंको निवारण करनेका हम प्रयास करें।

समस्याओंकी जड

यह कहा जाता है कि जितने रेल कर्मचारी है उसके सौ गुना समस्याये है। क्योकि सबकी मिलकर सामान्य समस्यायें कुछ, फिर हर श्रेणी की समस्यायें, फिर झोन की, डिव्हीजन की अलग अलग समस्यायें, फिर हरेक कर्मचारी की अलग समस्यांये। तो इस तरह समस्याओंका निराकरण हो, इसलिये उनका स्वरूप क्या है यह समझ लेना चाहिये। कहा भी जाता है कि Diagnosis is half the cure अर्थात रोगका निदान करना इसपरहि कौनसी औषधी देना यह निर्भर होता है। तो पहिली बात रेलवेका पुनर्गठन हुआ उसमें कई समस्यांओंकी जड हमें मिलती है। पहले विभिन्न कंपनीयां थी, फिर उनके अलग अलग झोन बनाये गये।

झोन बनाते समय अनेक समस्यायें खडी हो गई। पुनर्गठन के पश्चात इतने साल बीत जानेके बाद भी सेवा शर्तों के विषयमे सब झोन्स् में (Unifromity) एक रूपता आ गयी यह नहीं कहा जा सकता। इतनाही नही तो हर झोन में विभिन्न डिव्हीजनों में सेवा की शर्तो के विषय में एक रूपता का अभाव दिखाई देता है।

और डिव्हिजनोके अलग अलग उपशाखाओंमें भी यही बाते विद्यमान है। तो सेवा शर्तों के विषयमें एकरूपता लानी चाहिये थी वह नही लायी गई इस कारण कई समस्यांये खडी हो गई।

समस्याओंका और भी एक कारण है। रेल की इस रचना के पीछे कोई भी शास्त्रीय आधार (Scientific basis) नहीं है। साधारणतः सेवा शर्तों के विषयमें, पदोन्नती के विषय में, (Promotional Avenues) चतुर्थ श्रेणी, तृतीय श्रेणीके बारेमें समस्यायें खडी होती है। सरकारने भी इसके पीछे बडे सोच समझ कर कोई विश्लेषणात्मक वैज्ञानिक आधार दिया हो ऐसी बात नहीं। यह एक सबसे गडबड की बात है। हम क एक छोटी छोटी बात लें।

पदोन्नतीकी नीति निश्चित होना आवश्यक।

इस उद्योग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयों के मनमें बहुत असंतोष है। कहा जाता है कि एक बार आदमी चतुर्थ श्रेणीमें पहुँच गया तो वह मरते दम तक वहीं रहेगा। उसकी तरक्की होनेकी कोई आशा नही। तो सोच विचार न करने के कारणही यह परिस्थिती निर्माणहु यी है। विदेशोंमें इसके विषय में शास्त्रीय ढंगसे विचार हुआ है और उन्होंने यह कहा कि पदोन्नति की नीति हरेक उद्योग में निश्चित होनी चाहिये। और यह नीति निश्चित होनेपर मालिक लोगोंनें एक सिध्दांत स्वीकार कर लेना चाहिये। यह सिध्दांत याने "In Service training should receive priority over pre-entry education', याने Pre-entry

education अर्थात नौकरी में आनेसे पहले बाहर जो कुछ भी उनकी लिखाई पढाई होती होगी उसकी तुलना में नोकरी में रहते हुये उसको जो Training मिलती है उस Training का महत्व जादा समझना चाहिये। आज यह देखा जाता है कि तृतीय श्रेणी या और कहीं भी किसी भी खातें में रिक्त स्थान हो जाते ही एकदम Advertisement दी जाती है। किन्तु चतुर्थ श्रेणी में काम करने वाले कर्मचारीयोंको नौकरी में रहते हुअे उनको तृतीय श्रेणी में काम करने के लिये उपयोगी शिक्षा, Intensive training courses क्यों नही खोले गयें। अर्थात चतूर्थ श्रेणीसे तृतीये श्रेणी में भरती करने का निश्चित प्रमाण (Percentage) क्यों नही रख्खा गया। इसी लिये Direct Recruitment की हर जगह होड दिखाई देती है। एक तरफ मजदूरोंकी छटनी की जाती है, इस कारण की ये Surplus है, और दुसरी और नयी भरती की Advertisement दी जाती है। Direct-Recruitment जहां तक बने कमसे कम हो। और नीचे की श्रेणीसे अुपर की श्रेणी में लोगोंको लेनेकी व्यवस्था Service Training के द्वारा अधिक से अधिक हो इस सिद्धांत कके स्वीकार सरकार कर लेती तो यह आपत्ती न आती। किन्तु सरकार किसी भी योजनां में तालमेल नही।

अस्थायी मजदूरोंकी (Casual labour) समस्यायें

Casual labour के बारे में चारों ओरसे आज बडी चिल्लाहट हो रही है। आज लाख से जादा संख्या इनकी है। इनके लिये नियम तो बनाये गये कि इतने महिने काम करने के बाद उसको (absorb) सम्मिलीत किया जाय। किन्तु उसे शायद जान बूझकर यह अवधी पूर्ण होनेके ३-४ दिन पहलेही काम परसे निकाल दिया जाता है, और बादमें उसको फिर बुलाया जाता है। मानें हमेशा उसकी सेवा खंडीत हो जाती है। और यह बताया जाता है की उसकी सेवा (continuous) अखण्डीत न होनेसे उसे (absorb) नही किया जा सकता। इनके वेतन के बारेमे भी तरह तरह की समस्यायें हैं। तो यह De-casualisation की

हमारी माँग है। अस्थायी मजदुर इस बारह चौदाह साल अस्थायी मजदूर के नाते क्यों काम करें। उदाहरण के रूपमें रेल जैसे बहुत बडे महकमे में कही ना कहीं (constructionproject) निर्माण योजनां चलतेही रहती है। तो किसी एक बार यदि casual lauour के नाते एक ग्रुप को लिया है और यहां का निर्माण कार्य खतम भी हो गया तो दुसरी योजना पर उसको लगाया जा सकता है। इस तरह उसे Service में किसी तरह absorb किया जाय यह कठीनाई का बात नहीं। किन्तु खेदसे यह कहना पडता है कि सरकार के मनमें समस्या हल करने की प्रामाणिक इच्छा नहीं, केवल अपने जिम्मेवारीसे छुटकारा कैसे हो यही सोचा जाता है।

सिनियॉरिटी और वेतन की समस्या

सदर्न रेल्वे के निर्माण के समय M. S. M. के विभिन्न श्रेणी कर्मचारीयो को सदर्न रेलवे पर absorb करने में जो अन्याय हुआ वह सरकार के अशास्त्रीय कारोबार चलाने की नीतिपर स्पष्ट प्रकाश डालती हैं। इसी कारण इस रेलवे पर Seniority के बारेमें हजारों अन्याय पूर्ण बातें आज भी दिखाइ देती है। जब एक रेलवे दुसरे में सम्मिलित (Merge) की जाती है तो कर्मचारीओंके Seniority और Pay Stage के बारेमें कुछ भी वैज्ञानिक या योजित विचार नही किया जाता। सरकार अपनी गलती मानकर भी अन्याय को दूर करना–न्याय देनेका सोंचा तो कुछ लोगो की टांग खिचनी होगी तो भी अन्याय हो जायगा, इस कारण सरकार के लिये संभव नही।

यही अनुभव वेतन वृद्धी के बारे में देखने मिलता हे। आज यह देखा जाता है की जो Superior ऑफीसर है उसकी तनखा कम है। और जो ज्युनियर ऑफिसर है उसकी तनखाजादा है क्योंकि बीचमें Scale मे परिवर्तन कर दिया। ज्युनिअर को जादा मिलने लगा पुराना है उसको कम मिलने लगा। Retrospectively लगायेंगे तो बजेट मे बैठता नही यह

समस्या आ जाती है। माने सदाही वेतन वृद्धी के विषय मे अव्यवस्था बनी रहती है। किन्तु इसपर किसी कर्मचारी द्वारा सरकार के पास (Representation) आवेदन दिया जाने पर उसे उचित न्याय मिलेगाही यह विश्वासपूर्वक नही कहा जाता क्यों कि न्याय कैसे दिलवाना यह सूझबूझ भी बडी कठीन हों जाती है।

अब एक नया झमेला खडा होने वाला है। South central Railway का निर्माण होगा। यदि सारी बातें जैसी बनाई वैसे हो गई तो अक्तुबर माह में सिकंदराबाद को केन्द्र बनाते हुये south central Zone का निर्माण होनेवाला है। वास्तवमे उसमे चार Divisions है। या तो चार Divisions मे ही सारा काम adjust करते तो seniority वैसे बनती। या south central या कुछ हिस्सा central में और कुछहिस्सा Southern में आता है। इसलिये दो Zones के लिये Option देते तो भी चलता अुन्होने सारे हिंदूस्थानमेसे Option मंगवाये। अब हमलोंगोंने कहा की सरकार ! सारे हिंदुथानसे Options मंगवाती है तो सिकदराबाद मे काम करने वाले जो कर्मचारी हैं अुनकी Seniority adversely affect हो जायेगी। तो मंत्री महोदयने कहा की नहीं आप व्यवहार जानते नहीं। व्यवहार तो यही है की जो आंध्र के हैं वेही जायेगे। बडी भारी संख्या मे लोग थोडी ही जानेवाले हैं। क्योंकी सिकंदराबाद माने बंबई या कलकत्ता थोडेही है। बडा देखने जैसा शहर भी नही है। उसका कोइ आकर्षण नही। इसलिये सारे हिंदुस्थानसे Options मंगवाये। अब अुसी समय ऐसा हुवा था की North-East Frontier Zones में कुछ लोगोंको ऐसेही, Service में ले लिया था अुनका Confirmation भी हो गया था लेकिन अुनके लिये कोई Vacancies नहीं थी। रेल्वेमें सब चलता है। अब अुनका क्या किया जाय? तो फिर निर्णय हुवा की लगभग १५० लोग जो वहां काम कर रहे थे उनकी case हमने अुठानी चाहिये। १५० लोग हैं इतने महिने तक इन्होने काम किया है confirmation तो हो जाना चाहिये। सरकारनें कहा, होना तो चाहिये। लेकिन बोले वहां Vacancies नहीं है। हमने कहा

कुछ भी किजीये अुनको जगह तो मिलनी चाहिये। तो हमने ही कहा था central में Seniority adversely affect नहीं होनी चाहिये। फिर ये १५० लोगो का क्याहोगा। सरकारने हमारी बात हमारेही गले अुतारी १५० लोगों को यहां Transfer करने का निर्णय कर लिया। अब इसका मतलब क्या ? की कोई कानून नही कोई नियम नही कोई तर्क नहीं। जिस समय जैसे बात जचेंगी वैसे करते जाना।

रेल दुर्घटना (Accidents)

यह स्पष्ट है की रेल उद्योग मे तरह तरह के अन्याय आज चल रहे हैं। कुछ रेलवे मिनीस्टर ऐसे भी है जिनको इन विषयोमें कोई रूची नहीं। वे केवल अपने चुनाव क्षेत्र को मजबूत करनें में पडे हैं। इसके कारण बहुत पुराने नियम और कानून जैसे थे वे आज भी चल रहे हैं। जैसे रेल दुर्घटना की बात चली तो क्षतिपूर्ती (compensation) कैसे मिलनी चाहिये ये कानून १८९० का हैं। इसमें बदली हुयी परिस्थितिमें परिवर्तन करना चाहिये। किन्तु (रेलवे बोर्ड) नोकरशाही भी सोचती है की हमे करना क्या है। यह भी आश्चर्य की बात है की कर्मचारीयोने नियमोंका उलंघन किया इस लिये दुर्घटना हो गई ऐसा अधिकारी कह देते हैं। क्योकि हम जानते हैं की यदि बनाये ये नियमो के अनुसार एकेक Operation के लिये जो Time Schedule बनाया हुआ है उसपर कर्मचारी अंमल करेंगे तो २४ घण्टे में रेलवे का सब काम ठप हो जायगा। यह बात सत्य है कि नियम के अनुसार लोग काम नहीं करते इस लिये आज रेल चल रही है। अंत तो गत्वा Work to Rule यह एक हड़-तालसे भी अच्छा हथियार बन गया है। किन्तु इसमें परिवर्तन लानेका कष्ट किसीने अपने दिमाख को नही दिया हैं।

राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन

शास्त्रीय दृष्टीकोन सामने रखकर हमने यह कहा की हिन्दुस्थानके

हरएक औद्योगिक केंद्रमें मजदूरोंके महावार खर्चों की जांच हो। अब हमने कहा की खर्चे तरह तरह के होते है। कुछ खर्चे हर हफ्तेमें होते हैं। जैसे नमक तेल मिर्च हैं। कुछ खर्चे महिनेमें एक बार होते हैं जैसे दाल चांवल आटा हैं। कुछ खर्चे सालमें एक दो बार होते हैं जैसे कपडा है। कुछ दो चार सालमें एक बार होते हैं, जैसे जुता, छाता हैं। कुछ पांच छः सालमें एखाद बार होते हैं जैसे बहैन की, लडकी की शादी है। लेकीन सब खर्चों का हिसाब करना चाहिये।

